मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-232
29/04/2021

# मुख्यमंत्री ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की

## को–ऑपरेटिव सोसायटी के माध्यम से ऑनलाइन सब्जी की उपलब्धता से लोगों को काफी सहुलियत होगी– मुख्यमंत्री

पटना, 29 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में सहकारिता विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पूर्व में निर्देश दिया था कि सहकारिता विभाग को–ऑपरेटिव सोसायटी के माध्यम से लोगों के लिये ऑनलाइन सब्जी क्रय की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अब ई–कॉमर्स की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत तरकारी मार्ट के माध्यम से पटना एवं पूर्वी चम्पारण जिले के लोगों को ऑनलाइन सब्जी क्रय करने की सुविधा मिलेगी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सब्जी का अच्छा उत्पादन हो रहा है। यहां के किसान सब्जी को राज्य के बाहर भी भारी मात्रा में भेजते हैं। उन्होंने कहा कि को–ऑपरेटिव सोसायटी के माध्यम से ऑनलाइन सब्जी की उपलब्धता होने से अब लोगों को काफी सहुलियत होगी। कोरोना के इस प्रतिबंधित दौर में घर बैठे ऑनलाइन सब्जी क्रय होगा, इससे लोगों को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी इस सुविधा की शुरूआत पटना एवं पूर्वी चम्पारण जिले के लोगों के लिये की गयी है। राज्य के सभी जिलों में भी इस व्यवस्था की शुरूआत सहकारिता विभाग जल्द से जल्द करे।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव श्री विनय कुमार, सहकारिता विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार जुड़े हुए थे।

******